बॉलीवुड

सिनेमा से

● रिपोर्टर

दिग्विजय और अविनाश के बीच टास्क में हुई भयंकर हाथापाई

मुंबई। इस बार बिग बॉस सीजन 18 में कुल सात सदस्य बेघर होने के लिए नॉमिनेट हैं। जिनमें तजिंदर बग्गा, चुम दरांग, श्रुतिका अर्जुन, रजत दलाल, दिग्विजय राठी, करणवीर मेहरा और कशिश कपूर का नाम शामिल है। अब कौन एलिमिनेट होगा, ये तो शनिवार 16 नवंबर को मालूम ही चल जाएगा। मगर उसके पहले अविनाश और दिग्विज में भयंकर झगड़ा हुआ। एक टास्क के दौरान दोनों फिजिकल हुए और एक ने तो जोर का धक्का देकर गिरा भी दिया। वहीं, चाहत पांडे और विवियन डीसेना कॉफी और चाय के पीछे अपनी खट्टी-मीठी नोंकझोंक से दर्शकों का दिल जीतते दिखाई दिए।

मुकेश खन्ना को 'शक्तिमान' के ड्रेस में देख फूट पड़ेंगे फैंस का गुस्सा, बवाल की वार्दी को खराब करने पर किया रोल

मुंबई। मुकेश खन्ना अपने आइकॉनिक किरदार 'शक्तिमान' से वापसी करने वाले हैं। वो लगभग 20 साल बाद पर्दे पर 'शक्तिमान' के किरदार में लौटेंगे। एक्टर शक्तिमान का कॉस्ट्यूम पहन दिखे जिसके बाद उन्होंने अपने इस किरदार के बारे में बात भी की। वो पर्दे पर अपने आइकॉनिक रोल में लौटने के लिए काफी उत्साहित हैं, लेकिन एक्टर के फैंस ऐसा नहीं चाहते हैं। बचपन में शक्तिमान के फैन रहे लोग अब मुकेश खन्ना से गुहार लगा रहे हैं कि वो उनके बचपन की सुनहरी यादों को बर्बाद न करें।

'सिंघम अगेन' का बॉक्स ऑफिस पर धमाल

दीपिका का एक्सेंट 'चेन्नई एक्सप्रेस' जैसा?

● मंथन संवाददाता

मुंबई। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन को फिल्म 'सिंघम अगेन' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। दिवाली पर थिएटर्स में रिलीज हुई ये फिल्म अबतक 200 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन कर चुकी है। 'सूर्यवंशी' के बाद 'सिंघम अगेन' में डायरेक्टर रोहित शेट्टी एक बार फिर अपने कॉप यूनिवर्स के तीनों सुपरकॉप- सिंघम, सिम्बा और सूर्यवंशी को साथ लेकर आए। अब रोहित ने बताया है कि वो इन दोनों नए किरदारों को स्टैंडअलोन फिल्मों में भी लेकर आने वाले हैं। साथ ही उन्होंने 'सिंघम अगेन' में दीपिका के एक्सेंट की आलोचना को लेकर भी बात की।

दीपिका को मिलेगी स्टैंडअलोन फिल्म :कॉप यूनिवर्स में दीपिका के किरदार का नाम लेडी सिंघम इसलिए रखा गया है क्योंकि वो अजय के किरदार से बहुत ज्यादा इंस्पायर्ड हैं। दीपिका के साथ ही रोहित के यूनिवर्स में पहला फीमेल सुपरकॉप किरदार भी आ गया है। एक खास बातचीत में रोहित ने कन्फर्म किया कि दीपिका के किरदार को खुद की सोलो फिल्म भी मिलने वाली है। रोहित ने कहा, 'हम जल्द ही 'लेडी सिंघम' बनाएंगे, लेकिन इसमें समय लगेगा।' रोहित ने कहा कि टाइगर श्रॉफ के किरदार, सत्या को भी अपनी अलग फिल्म मिलेगी। उन्होंने इन किरदारों के भविष्य को लेकर बात करते हुए शेयर किया। 'इन सबकी अपनी अलग कहानी होगी। वो किसी दूसरे के पास या फ्यूचर का हिस्सा हो सकते हैं, लेकिन उनका भी कनेक्शन होगा। ये किरदार इसीलिए हैं क्योंकि उनकी अपनी अलग फिल्में होंगी।

अनोखी ख़बरें

अनोखा पेड़, जिसे काटने पर निकलता है खून, लोग मानते हैं चमत्कार

इस पेड़ की छाल को काटने के बाद उसमें से लाल रेजिन निकलता है, जो बिल्कुल खून की तरह लगता है। जिस तरह दूसरे पेड़ों को काटने पर सफेद और पीला गोंद निकलता है, ठीक उसी तरह इस पेड़ से लाल रंग निकलता है। लेकिन अगर किसी पेड़ को काटने पर खून निकलने लगे?

यमन का 'ड्रैगन ब्लड ट्री' कुदरत के करिश्मे का एक नूमना है। सकोट्रा द्वीपसमूह में पाए जाने वाले ये पेड़ 650 साल तक जिंदा रह सकते हैं। इनकी ऊंचाई 33 से 39 फीट तक हो सकती है। ये गर्म तापमान में अच्छे से पनपते हैं। ये छाते की तरह लगते हैं और ऊपर से बेहद घने होते हैं। जहां ये पेड़ पाए जाते हैं, उसे 'ड्रैगनब्लड' जंगल कहते हैं। इस पेड़ को 'ड्रैगन ब्लड ट्री' इसके तने की छाल से निकलने वाले लाल रंग के रेजिन की वजह से कहा जाता है। छाल को काटने के बाद उसमें से लाल रेजिन निकलता है, जो बिल्कुल खून की तरह लगता है। जिस तरह दूसरे पेड़ों को काटने पर सफेद और पीला गोंद निकलता है, ठीक उसी तरह इस पेड़ से लाल रंग निकलता है। इस पेड़ को लेकर कई तरह की भ्रांतियां हैं। स्थानीय लोग इस रेजिन को बुखार से लेकर अल्सर तक का इलाज मानते हैं।यहां तक कि इसमें जादुई शक्तियां भी बताई जाती हैं। इतनी विशेषताओं के बावजूद आज ये पेड़ कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और इनका भविष्य संकट में है। कुछ जगहों पर नए पेड़ों में इनका आकार बहुत ज्यादा बदला हुआ नजर आता है।

क्रोक्ड फ़ॉरेस्ट, पोलैंड के टेढ़े-मेढ़े जंगल का रहस्य

क्रोक्ड फ़ॉरेस्ट पोलैंड के पश्चिमी पोमेरेनिया के ग्रिफ़िनो शहर के पास स्थित 400 विचित्र आकार के चीड़ के पेड़ों का एक उपवन है। चीड़ के पेड़ों को 1930 के आसपास लगाया गया था, जब यह स्थान अभी भी जर्मन प्रांत पोमेरेनिया के भीतर था। आधार से, चीड़ के पेड़ उत्तर की ओर 90 डिग्री के तीखे मोड़ के साथ बढ़ते हैं, लेकिन फिर वापस मुड़कर सीधे आसमान की ओर बढ़ते हैं। अपने आधार पर तीन से नौ फीट की तरफ मुड़े हुए अप्राकृतिक मोड़ के बावजूद, ये पेड़ आम तौर पर स्वस्थ होते हैं और 50 फीट तक ऊंचे होते हैं। कुछ लोग अनुमान लगाते हैं कि इस विशेष क्षेत्र में एक अद्वितीय गुरुत्वाकर्षण खिंचाव के कारण पेड़ उत्तर की ओर मुड़े हुए हैं, लेकिन यह सिद्धांत बुनियादी वैज्ञानिक जांच के लिए सही नहीं है, क्योंकि गुरुत्वाकर्षण चीजों को नीचे की ओर खींचता है, न कि वक्रता में। दूसरों का अनुमान है कि क्षेत्र में भारी बर्फबारी ने पेड़ों को अंकुरित होने के दौरान नीचे गिरा दिया, जिससे वे आधार पर टेढ़े-मेढ़े हो गए, लेकिन यह सिद्धांत यह नहीं बताता है कि उसी क्षेत्र में देवदार के पेड़ों और मिश्रित वनस्पतियों के अन्य समूह प्रभावित क्यों नहीं हुए।

खेल-खिलाड़ी

विराट कोहली, रोहित शर्मा या एमएस धोनी? केएल राहुल ने आईपीएल2025 के लिए किसे चुना अपना साथी खिलाड़ी

स्पोर्ट डेस्क। पिछले तीन सालों तक लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम का हिस्सा रहने वाले केएल राहुल भी इस बार मैदान में हैं। पिछले कुछ दिनों तक ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि केएल राहुल को इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम अपने बेड़े में शामिल कर सकती है, लेकिन कहानी में अब ट्विस्ट आ चुका है। खबरों की माने तो स्टार क्रिकेटर को अपनी टीम में शामिल करने के लिए मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स की टीम भी लाइन में आ गई है।

केएल राहुल का मजेदार जवाब

हाल ही में 32 वर्षीय केएल राहुल ने स्टार स्पोर्ट्स के साथ खास बातचीत की है। इस दौरान उनसे सवाल किया गया, 'आईपीएल 2025 के लिए रोहित शर्मा, विराट कोहली और एमएस धोनी में से अपने साथी खिलाड़ी का चुनाव करें।'

एंकर का यह सवाल सुन राहुल एक पल के लिए मुश्किल में आ गए, लेकिन उसके बाद उन्होंने बखूबी उसका जवाब दिया। भारतीय स्टार ने कहा, 'मुझे नहीं पता। यह एक कठिन सवाल है। सच में आपने मुझे इस सवाल से मुश्किल में डाल दिया है। मैंने उन सभी के साथ अपने खेल का आनंद लिया है। इस सवाल का उत्तर देना बहुत कठिन है।'

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024

भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरी जीत के साथ टीम इंडिया को रैंकिंग में भी फायदा हुआ है

भारत की चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार दूसरी जीत, आखिरी 3 मिनट में पलट गया पूरा मैच

● मंथन संवाददाता

राजगीर। महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में भारतीय हॉकी टीम ने दक्षिण कोरिया को रोमांचक अंदाज में 3-2 से मात दी है। यह ग्रुप चरण में टीम इंडिया की लगातार दूसरी जीत है।यह ग्रुप चरण में टीम इंडिया की लगातार दूसरी जीत है।

ये मैच बिहार के राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला गया। संगीता कुमारी ने तीसरे मिनट में ही भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। दीपिका ने 20वें मिनट में टीम इंडिया को 2-0 से आगे किया। संगीता कुमारी ने तीसरे मिनट में ही भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी थी। दीपिका ने 20वें मिनट में टीम इंडिया को 2-0 से आगे किया। दक्षिण कोरिया के लिए पहला गोल 34वें मिनट में यूरी ली ने किया।

उसके 3 मिनट बाद ही यूनबी चियोन ने अपनी टीम को भारत के साथ 2-2 से बराबरी पर ला खड़ा किया।

दक्षिण कोरिया के लिए पहला गोल 34वें मिनट में यूरी ली ने किया। उसके 3 मिनट बाद ही यूनबी चियोन ने अपनी टीम को भारत के साथ 2-2 से बराबरी पर ला खड़ा किया। जब मुकाबला समाप्त होने में महज 3 मिनट बाकी थे, तभी दीपिका ने गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिलाई। अंत में टीम इंडिया 3-2 से विजयी रही। जब मुकाबला समाप्त होने में महज 3 मिनट बाकी थे, तभी दीपिका ने गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिलाई। अंत में टीम इंडिया 3-2 से विजयी रही।

इस जीत से महिला भारतीय टीम हॉकी रैंकिंग में नौवें स्थान पर आ गई है और चैंपियंस ट्रॉफी को टेबल में मेजबान भारत अपने दोनों मैच जीतने के बाद दूसरे स्थान पर है। इस जीत से महिला भारतीय टीम हॉकी रैंकिंग में नौवें स्थान पर आ गई है और चैंपियंस ट्रॉफी को टेबल में मेजबान भारत अपने दोनों मैच जीतने के बाद दूसरे स्थान पर है। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत ने मलेशिया को 4-0 से हराया था। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में भारत ने मलेशिया को 4-0 से हराया था। अब दक्षिण कोरिया को हराकर उसने लगातार दूसरी जीत दर्ज की है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ एक नहीं, बल्कि इतने टेस्ट नहीं खेलेंगे रोहित शर्मा, वजह का भी हो गया खुलासा

● मंथन संवाददाता

स्पोर्ट डेस्क। एक तरफ टीम इंडिया दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है, जिसका तीसरा मुकाबला आज 13 नवम्बर को खेला जाना है। वहीं दूसरी तरफ एक टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया के साथ कप्तान रोहित शर्मा अभी ऑस्ट्रेलिया नहीं गए हैं। यहां जाने आखिर क्यों रोहित टीम के साथ नहीं गए और वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कितने टेस्ट नहीं खेल पाएंगे।

पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया गया कि रोहित शर्मा सिर्फ 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाने वाला पहला टेस्ट नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, इसके पीछे की वजह का खुलासा नहीं किया गया था। ये बताया गया था कि निजी कारणों की वजह से रोहित शर्मा टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया नहीं गए हैं।

अब खबर आई है कि रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिर्फ पर्थ टेस्ट नहीं, बल्कि एडिलेड टेस्ट भी नहीं खेल पाएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो टेस्ट में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं होंगे। दरअसल, रोहित एक बार फिर पिता बनने वाले हैं। बताया जा रहा है कि अगले वीक रोहित के पिता बनने की संभावना है। इसी वजह से वह अपने परिवार को वक्त देना चाहते हैं, और उन्होंने बीसीसीआई से छुट्टी ली है।

बुमराह होंगे टीम इंडिया के कप्तान: ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले टीम इंडिया के हेड कोच रोहित शर्मा ने साफ कर दिया था कि रोहित की गैर मौजूदगी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम की लीड करेंगे।

ऑस्ट्रेलिया की नाक में दम करने वाला पेसर बना नंबर-1, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान को मिली खुशखबरी

नई दिल्ली। आईसीसी ने ताजा वनडे रैंकिंग बुधवार को जारी की। गेंदबाजों की रैंकिंग में टॉप-3 पोजीशन में बदलाव हुआ है। पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी ने दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज को नीचे धकेलकर पहले नंबर पर कब्जा कर लिया है। केशव महाराज दो पायदान फिसलकर तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान दूसरे नंबर पर बरकरार हैं। शाहीन अफरीदी को आईसीसी वनडे रैंकिंग में यह इनाम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन का मिला है। अफरीदी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैचों में 12 ख्2 की औसत से 8 विकेट झटके थे।